**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 1501**
**गुरुवार, 13 फ़रवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## एयर टैक्सियों के लिए परीक्षण स्थल

**1501. श्री टी.एम.सेल्वागणपति:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने एयर टैक्सि यों या इलेक्टर्कि वर्टिकल टेकऑफ़ और लैंडिंग विमानों के लिए परीक्षण स्थलों की पहचान शुरू कर दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह भी सच है कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस संबंध में कई राज्यों में साइटों का दौरा किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार इस संबंध में देश के भीतर एक नियामक सैंडबॉक्स पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग): देश में उन्नत वायु मोबिलिटी को बढ़ावा देने और एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय, डीजीसीए और एएआई के अधिकारियों और उद्योग हितधारकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में गुजरात और आंध्र प्रदेश राज्यों में निम्नलिखित संभावित सैंडबॉक्स साइटों का दौरा किया:

1. गुजरात राज्य:
(i) कच्छ में मांडवी हवाईपट्टी
(ii) साबरमती रिवर फ्रंट।

2. आंध्र प्रदेश राज्य:
(i) कुर्नूल हवाईअड्डा
(ii) पुट्टपर्थी हवाईअड्डा

*****